दिनांक- 01.12.2024 समय- 02.10PM

आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

प्रधानमंत्री – बीएसएफ स्थापना दिवस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीमा सुरक्षा बल–बीएसएफ को आज इसके स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बीएसएफ का देश की रक्षा पंक्ति में महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि यह बल साहस, समर्पण और असाधारण सेवा का प्रतीक है। उन्होंने राष्ट्र की सुरक्षा और संरक्षा में बीएसएफ की सतर्कता और साहस की सराहना की।

एड्स दिवस

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने आम लोगों से एचआईवी एड्स से संक्रमित व्यक्ति के प्रति संवेदनशीलता दिखाने और संक्रमित व्यक्तियों के मानव अधिकारों के संरक्षण की अपील की। श्री नड्डा आज इंदौर में विश्व एड्स दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने एचआईवी प्रोटेक्शन एक्ट 2017 के जरिए संक्रमित व्यक्तियों के साथ किसी भी तरह के भेदभाव पर रोक लगाने का काम किया है। श्री नड्डा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने टेस्ट और ट्रीट पॉलिसी पर अमल शुरू किया है और इसका परिणाम यह है कि अब देश में एड्स से होने वाली मृत्यु में 79 प्रतिशत की कमी आई है। नए संक्रमण में भी 44 फीसदी की कमी देखी गई है। कार्यक्रम को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने भी संबोधित किया। प्रदेश के अन्य जिलों में आज एड्स के खिलाफ जनजागरुकता के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

नर्मदापुरम जिले में समस्त ब्लाकों में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिले की पिपरिया में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने रेड रिबन क्लब और एनएसएस इकाई के विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाई। जबलपुर के केंद्रीय कारागार, आज जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान बंदियों को महत्वपूर्ण जानकारियां देकर एड्स के खतरे और बचाव के प्रति आगाह किया गया।

पीएम आवास–नर्मदापुरम

नर्मदापुरम जिले में भी प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से निर्धन परिवारों को पक्के मकान का लाभ मिल सका है, जो निर्धन परिवार कच्चे घर, झोपड़ी में रह कर जीवन व्यापन कर रहे थे अब वह प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ पा कर वह पक्के घरों में निवास करने लगे हैं। नर्मदापुरम नगरपालिका क्षेत्र अंतर्गत 1761 पात्र परिवारों का चयन प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए किया गया था जिसमे से 1362 हितग्राहियों के मकान पूरी तरह से बन चुके हैं। योजना की लाभार्थी कला बाई केवट ने आकाशवाणी से चर्चा में बताया कि पक्के घर में प्रवेश उनके लिए किसी सपने से कम नहीं है।

## खरगोन हादसा

खरगोन जिले के सेगांव में कल एक सड़क दुर्घटना में बस के पलटने से चार लोगों की मृत्यु हो गई है और 13 लोग घायल हो गए हैं । मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने इस दुर्घटना में मृतकों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की है और उनके परिवार को मुख्यमंत्री स्वेच्छा अनुदान से 02–02 लाख रुपए की राशि देने के निर्देश दिए हैं । मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घायलों का समुचित उपचार करने के निर्देश भी दिए हैं। अनियंत्रित बस पलटने से तीन महिलाओ सहित एक 7 माह के बच्चे की बस के नीचे दबने से मौत हो गई थी।

## सैयद मोदी– बैडमिंटन

सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले आज लखनऊ में खेले जा रहे हैं। टूर्नामेंट के सभी पांच खिताबी मुकाबलों में भारतीय खिलाडी शामिल हैं। मिक्स्ड डबल्स फाइनल में भारत के ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो की जोड़ी को हार का सामना करना पड़ा है।

समाचार संक्षेप में .....

- नीमच में बांछड़ा समुदाय के उत्थान के लिए जिला प्रशासन द्वारा 2 दिसम्बर को कार्यशाला आयोजित की जा रही है।
- आगरमालवा जिले के ग्रामीण क्षैत्रों में 'हम होंगे कामयाब' पखवाड़े के तहत कल जागरूकता गतिविधियां आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया गया।
- जबलपुर हाई कोर्ट ने सागर के एक स्कूल द्वारा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के रिजल्ट रोके जाने पर कहा कि जिन बच्चों ने परीक्षा दी है, वो रिजल्ट के हकदार हैं और तत्काल रिजल्ट घोषित करने के आदेश दिये हैं।

---------------------------------